
मंगलवार
16 मई 2023



पृष्ठ 4

**सेहत के बारे में काफी कुछ बताते हैं कान, जानिए कैसे**



पृष्ठ 5

**बेहद स्टाइलिश है सास बहू और फ्लेमिंगो की बहू अंगिरा धर**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 104
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

संयम संस्कृति का मूल है। विलासिता निर्बलता और चाटुकारिता के वातावरण में न तो संस्कृति का उद्‌भव होता है और न विकास।


— काका कालेलकर

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो बदमाश हुए घायल तीन फरार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। भगवानपुर थाना क्षेत्र के यूपी बॉर्डर पर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हुए है। जिन्हे रुड़की सिविल अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया है। वहीं बदमाशों के तीन साथी फरार होने में सफल रहे जिनकी तलाश में काम्बिग जारी है।

जानकारी के अनुसार आज तड़के पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर कार्यवाही करते हुए भगवानपुर और बुग्गवाला पुलिस द्वारा बदमाशों की घेराबंदी की गई। इस दौरान बदमाशों द्वारा पुलिस पर फायर झोंक दिया गया। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को मौके पर ही गोली लगी वही दूसरा भी गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा मामले की जानकारी आला अधिकारियों को दी गई। जानकारी पाकर पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर



पहुंचे और कांबिंग शुरू कर दी गयी। इसके साथ ही घायल बदमाशो को रुड़की सिविल अस्पताल उपचार के लिए भिजवाया गया। घायल बदमाशों के नाम रिहान निवासी भगवानपुर और आस मोहम्मद निवासी चांदपुर बताए गए हैं। बताया गया है कि यह उसी बदमाश के साथी है जो बीते 2 दिन पहले बहादराबाद पुलिस द्वारा मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया था। बताया जा रहा है कि आज करीब पांच बदमाश यूपी से गौकशी के लिए करीब दर्जन भर गाय लेकर उत्तराखंड आये थे। जिन्हे पुलिस ने रोका इस पर बदमाशों की ओर से पुलिस पर फायर झोंक दिया गया। फायर होते ही पुलिस ने तत्काल मोर्चाबंदी कर जवाबी कार्यवाही शुरू कर दी गयी। इस जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश को मौके पर गोली लगी जबकि दूसरा घायल बदमाश अपने तीन साथियों के साथ भाग निकला। घायल हुए दूसरे बदमाश को भी पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। जबकि उनके फरार हुए तीन अन्य साथियों की पुलिस जोर शोर से तलाश कर रही है।

बता दें कि दो दिन पूर्व थाना बहादराबाद पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई थी। जिसमें एक बदमाश घायल हुआ था। जिसके अन्य साथी जिसमें एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश बताया जा रहा है भागने में सफल रहे थे।

# रोजगार मेला लगा कर बांटे 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र

विशेष संवाददाता

देहरादून। विभिन्न सरकारी विभागों में खाली पड़े रिक्त पदों के लिए चयन प्रक्रिया पूरी कर चुके 71 हजार युवा बेरोजगारों को आज देश भर में आयोजित 45 रोजगार मेलों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल जुड़कर नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर अपनी नियुक्ति का लंबे समय से इंतजार कर रहे युवाओं की मनोकामना पूरी हो गई। इस अवसर पर देहरादून में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट मौजूद रहे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने अपने 9 साल के कार्यकाल में जॉब के नेचर को बदला है। पहले किसी भी युवा को किसी नौकरी के लिए आवेदन करने में भी काफी पापड़ बेलने पड़ते थे। फार्म खरीदने के लिए लाइन में खड़े होने से लेकर अपने प्रमाणपत्रों को प्रमाणित कराने के लिए गजटेड अधिकारी के हस्ताक्षर कराने और डाक से भेजने तक कई तरह की परेशानियां थी लेकिन अब सब कुछ ऑनलाइन होता है पहले यह



**❑9 साल में बदला नेचर ऑफ जॉबः मोदी**
**❑युवाओं के लिए खोलें स्वरोजगार के रास्तेः भट्ट**


भी पता नहीं चलता था कि फार्म सही समय पर पहुंचा या नहीं कई बार फार्मो को कूड़े के डिब्बे में डाल दिया जाता था तथा सिफारिशयों को ही नौकरी दी जाती थी। उन्होंने कहा कि अब नौकरियां देने में पारदर्शिता आई है और भ्रष्टाचार से मुक्ति मिली है।

उन्होंने कहा कि स्टार्टअप रोजगार व स्वरोजगार का नया तरीका बना है। अब इसके जरिए लोग नौकरी पाने वाले ही नहीं रोजगार देने वाले भी बन रहे हैं। उन्होंने आज नियुक्ति पत्र पाने वालों को बधाई देते हुए कहा कि जन सेवा के

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

## त्र्यंबकेश्वर मंदिर में जबरन घुसने वाले मुस्लिम युवकों पर एफआईआर दर्ज

नासिक । ज्योतिर्लिंगों में से एक नासिक के प्रसिद्ध त्र्यंबकेश्वर मंदिर में मुस्लिम युवकों के जबरन घुसने का मामला सामने आया है। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी की तलाश है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और होम मिनिस्टर देवेंद्र फडणवीस ने मामले की जांच एसआईटी से कराने के आदेश



दे दिए हैं। यह पूरा घटनाक्रम 13 मई, शनिवार का है। ट्रस्ट की ओर से पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक, 10 से 12 की संख्या में युवा जबरन मंदिर में घुस गए। उनके पास हरी चादर और फूलों के गुच्छे थे। इन्होंने चादर चढ़ाने की कोशिश की जैसे मजार पर चढ़ाई जाती है। रिपोर्टों के अनुसार, ये युवा उर्स जुलूस में भाग लेने आए थे। इनकी कोशिश त्र्यंबकेश्वर मंदिर परिसर में घुसकर पवित्र शिवलिंग पर चादर चढ़ाने की थी। मंदिर में घुसने के प्रयास को सतर्क सुरक्षाकर्मियों और मंदिर प्रबंधन ने नाकाम कर दिया। ट्रस्ट ने पुलिस को भेजे पत्र में केवल हिंदुओं को मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति देने की पुरानी परंपरा पर भी जोर दिया गया है। लिखा गया कि घटना सामाजिक गड़बड़ी पैदा करने की साजिश है।

# इमरान खान को हो सकती है फांसी या उम्र कैद

कराची। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में हिंसा और अराजकता अभी भी फैली हुई है और पाकिस्तान की आर्मी, इमरान खान के समर्थकों को सरेआम उठवा रही है।



रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की सेना ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ किस भी तरह की नरमी नहीं दिखाने का फैसला किया है और फैसला किया है, कि तोड़फोड़ में शामिल सभी तत्वों के खिलाफ आर्मी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिनमें इमरान खान भी शामिल होंगे।

आपको बता दें, कि पाकिस्तान में आर्मी एक्ट काफी खतरनाक कानून माना जाता है। इसकी धाराएं राजद्रोह, जासूसी और खुफिया जानकारी लीक से संबंधित हैं, जिसके लिए सजा में मृत्युदंड भी शामिल है। इस एक्ट में वो सभी लोग शामिल किए जाएंगे, जिन्होंने सार्वजनिक संपत्तियों और सेना की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया है। पाकिस्तानी सेना जिन धाराओं को लेकर इमरान खान के खिलाफ कदम बढ़ा रही है, वो पूर्व प्रधानमंत्री के लिए किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है, क्योंकि आर्मी एक्ट में काफी जल्दी फैसला सुनाया जाता है और इमरान खान को उम्र कैद या फांसी तक की सजा हो सकती है, और चूंकी ये देश पाकिस्तान है, जहां नेताओं को सूली पर चढ़ाने की प्रथा रही है, लिहाजा इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है, कि इमरान खान को इन सजाओं के तहत उम्र कैद या फांसी की सजा नहीं मिल सकती है। इमरान ने आरोप लगाया है, कि उन्हें गिरफ्तार करने के पीछे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर का हाथ है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# बेरोजगार मेलों का ढोल

कोई भी दल या सरकार बहुत अधिक समय तक जनता को गुमराह करके या झूठे वायदे करके या झूठे सपने दिखा कर सत्ता में नहीं बना रह सकता है। राजनीतिक या नेता अगर यह सोचते हैं कि आज जो वायदे जनता से किए जा रहे हैं उन्हें आने वाले दिनों में लोग भूल जाएंगे या फिर वह लोगों के सामने नए मुद्दे उठाकर या नहीं सोच व दृष्टिकोण रखकर लोगों को गुमराह कर सकते हैं तो उनकी यह गलतफहमी ही है भले ही लोगों को देर से समझ आए लेकिन जब उन्हें हकीकत समझ आती है तो वह किसी की भी सत्ता को उखाड़ फेंकने में एक पल की देरी भी नहीं लगाते हैं। कर्नाटक में भाजपा को मिली करारी शिकस्त इसका ताजा उदाहरण है। जिसने भाजपा के रणनीतिकारों और धुरंधर नेताओं को झकझोर कर रख दिया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर में रोजगार मेले लगा रहे हैं। देश में 45 स्थानों पर लगाये जा रहे इन रोजगार मेलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली 71 हजार बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र सौंप रहे हैं। उनके सिपहसालार बता रहे हैं कि अब तक देश भर में 2 लाख 88 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं तथा साल के अंत तक 10 लाख बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र देने का लक्ष्य है। भाजपा के इन नेताओं को 2014 के लोकसभा के चुनाव को जरूर याद करना चाहिए जिसमें उन्होंने 10 लाख नौकरियां हर साल देने का वायदा बेरोजगारों से किया था भाजपा के नेता आज यह बताने से कतराते हैं कि 9 सालों में उन्होंने कितने लोगों को रोजगार दिया है। 2019 के चुनाव के समय यह मुद्दा उठा था तब अमित शाह जैसे नेताओं द्वारा कहा गया था कि पकौड़ा तलना और बेचना भी रोजगार है जिसे इन बेरोजगारों के जले पर नमक की तरह माना गया था। कुछ जगह तो बेरोजगार अपने प्रदर्शनों के दौरान पकोड़ियां तलने के जरिए भाजपा को आईना दिखाने की कोशिश भी की गई लेकिन हिंदुत्व के घोड़े पर सवार भाजपा नेताओं को तब यह बात समझ नहीं आई। बात तो अभी भी उन्हें समझ नहीं आई है वरना वह युवाओं को रोजगार देने का ढोल नहीं पीट रहे होते उन्हें रोजगार दे रहे होते। देशभर में जहां भी जिस भी विभाग में किसी को भी नौकरी दी जा रही है उन सबको इकट्ठा करके उन्हें रोजगार मेले में नहीं लगाया जाता। इस सत्य को भी सभी जानते हैं कि आज अगर प्रधानमंत्री को रोजगार मेले लगाने की जरूरत पड़ी तो क्यों पड़ी? यह देश की राजनीति का नया भाजपा कल्चर है जहां बेरोजगारों को प्रधानमंत्री नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं। शायद विश्व भर के किसी देश में ऐसा नहीं होता है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व यह युवाओं को भ्रमित करने का सिर्फ एक तरीका नहीं तो क्या है। भाजपा को यह ढोल बजाने की राजनीति अब बंद कर देनी चाहिए और ऐसे वायदों से बाज आना चाहिए जैसे वायदे 2014 व 2019 में किए गए थे। काला धन वापस लाएंगे और देश के हर गरीब के खाते में 20-20 लाख रुपए डालेंगे जैसे वायदों पर लोग आज भी सवाल उठाते हैं और आज उन्हें यह याद है कैसे भाजपा नेता इस सवाल से पीछा छुड़ाने के लिए यह कहते थे कि यह तो एक चुनावी शिगूफा था। सच यह है कि अब उनकी राजनीति शगुफों के बलबूते पर नहीं चल सकती है और न बजरंगबली उनकी नैया पार लगा सकते हैं। उन्हें देश की सबसे बड़ी समस्याओं भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगार पर ठोस पहल करनी ही पड़ेगी वरना जनता अब जवाब देने को तैयार होती दिख रही है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में महानिदेशक एस.एस.बी श्रीमती रश्मि शुक्ला ने शिष्टाचार भेंट की।

अपाम सोमममृता अभूमागन्म ज्योतिरविदाम देवान्।
किं नूनमस्मान्कृणवदरातिः किमु धूर्तिरमृत मर्त्यस्य॥

(ऋग्वेद ८-४८-३)

परमेश्वर के प्रति श्रद्धा के सोम का पान करने से अमरता प्राप्त होती है। इससे ज्ञान के प्रकाश का मार्ग मिलता है और उस मार्ग पर चलकर मनुष्य दिव्य देवों की महिमा को जानते हैं। ऐसे मनुष्य का उसके शत्रु और धूर्त व्यक्ति कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते।

Immortality is attained by drinking the soma of devotion towards the Supreme Lord. This leads to the path of the light of knowledge, and by walking on that path, humans know the glory of the divine gods. His enemies and cunning people can do nothing wrong to such a person. (Rig Ved 8-48-3)

# हाइपरटेंशन के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है: डॉ रंजीता

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। निम्न आय वर्ग में भी हाइपरटेंशन के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है इसका मुख्य कारण उचित खानपान, जागरूकता एवं उपचार का अभाव है। यह विचार कम्युनिटी और फैमिली मेडिसिन विभाग एम्स ऋषिकेश की एडिशनल प्रोफेसर डॉ रंजीता कुमारी ने यहां छात्रों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

विदित हो कि धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग ने आगामी 17 मई को आने वाले विश्व हाइपरटेंशन दिवस के उपलक्ष्य में विभागीय परिषद के कार्यक्रम के अंतर्गत आज स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं हाइपरटेंशन पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। बतौर विशेषज्ञ एम्स की प्रोफेसर रंजीता कुमारी ने हाइपरटेंशन के विभिन्न कारणों उनके निवारण तथा इसके ऐतिहासिक और सामाजिक पहलुओं को




स्लाइड प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उपस्थित जनों को समझाया।

उन्होंने हाइपरटेंशन से निजात पाने के लिए अच्छी डाइट के साथ शारीरिक व्यायाम को आवश्यक बताया इसके साथ ही तंबाकू, शराब और छोटी-छोटी बातों को दबाव में लेने की आदतों से उबरने की आवश्यकता पर जोर दिया। इससे पूर्व एम्स के डॉक्टरों की संयुक्त टीम ने प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार उभान एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ शैलजा रावत के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में एम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उच्च रक्तचाप, भार एवं शरीर के अन्य अंगों की माप के साथ व्यवहारगत आदतों के आधार पर उपस्थित जनों का प्रश्नावली के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण एवं विश्लेषण किया तथा हाइपरटेंशन जैसी समस्या से उबरने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर उभान ने एम्स से महाविद्यालय आई डॉक्टरों की टीम का आभार प्रकट किया इस अवसर पर कॉलेज छात्रों के अलावा सभी प्राध्यापक और कर्मचारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# आठ पेटी अंग्रेजी शराब सहित तस्कर दबोचा

हमारे संवाददाता

पौड़ी। शराब तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने आठ पेटी अंग्रेजी शराब व तस्करी में प्रयुक्त वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना थैलीसैंण पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर अवैध शराब की एक बड़ी खेप सहित आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को बेदीखाल रोड़ फरसाड़ी के पास एक संदिग्ध वाहन आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रोक कर तलाशी ली तो उसमें रखी आठ पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। पूछताछ में उसने अपना नाम पंकज सिंह पुत्र श्याम सिंह, निवासी ग्राम सेरा, थापला, थलीसैंण बताया। बताया कि वह शराब को राजस्व क्षेत्र पोखड़ा से लाकर बैजरों के आस-पास के गांव में बेचने के लिए लाया था।

# भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश सरकार अपना रही है दोहरी नीति:जोशी

देहरादून (सं)। सुराज सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को लेकर दोहरी नीति अपना रही है। आज यहां प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जोशी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश की बात करती है दूसरी ओर भ्रष्टाचार को बढावा देने के लिए अधिकारियों को गोपीनय जांच करवा क्लीन चिट देकर भ्रष्ट अधिकारियों को आईएएस प्रमोट करने के लिए सिफारिश करती है। यह भाजपा सरकार की कैसी दोहरी नीति



है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सत्ता गरीब, मध्यम वर्गीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए है भाजपा केवल निम्न तपके के लोगों को ही जेल भेज सकती है। जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड में भाजपा सरकार समाजवादी की नीतियों पर चल रही है और भय, आतंक, गुण्डाराज, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पलायन चर्म सीमा पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि एक महिला अधिकारी की विजिलेंस जांच में एक बेहद ईमानदार अधिकारी ने स्पष्ट रूप से रिपोर्ट प्रेषित कर दी कि उस महिला अधिकारी के पास आय से अधिक सम्पत्ति है तो गृह विभाग ने खुली जांच क्यों नही दी। क्यो सरकार उसको बचाकर आईएएस बनाने में लगी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार जल्द उक्त महिला अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही नहीं करती है तो सुराज सेवा दल प्रदेश व्यापी आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

# 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को आवश्यक प्रमाण पत्र विद्यालय में उपलब्ध कराये जायेंगे: डीएम

कार्यालय संवाददाता

नैनीताल। अपणों स्कूल अपणू प्रमाण नामक पहल के तहत जनपद में 11वीं एवं 12वीं कक्षाओं के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को निवास, चरित्र, आय एवं पर्वतीय प्रमाण पत्र के साथ ही अन्य प्रमाण पत्र विद्यालयों में ही उपलब्ध कराये जायेंगे।

जिलाधिकारी श्री गर्ब्याल ने गठित जनपद स्तरीय समिति के सदस्य उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये है कि सम्पूर्ण कार्यवाही की प्रभावी मानिटरिंग की जाए साथ ही समस्या एवं कठिनाई आने पर गठित समिति के स्तर से सम्बन्धित को तात्कालिकता के आधार पर दिशा निर्देश निर्गत कर समस्या का समाधान किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा है कि विभिन्न प्रतियोगी परिक्षाओं में प्रतिभाग किये जाने हेतु 11वीं एवं 12वीं कक्षाओं मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्रों की प्राप्त करने में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने के दृष्टिगत जनपद के अध्ययनरत 11वीं एवं 12वीं कक्षाओं के छात्र एवं छात्राओं के निवास, चरित्र, आय एवं पर्वतीय प्रमाण पत्र के साथ ही अन्य प्रमाण पत्र विद्यालयों में ही उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सम्पादित करने हेतु समिति का गठन कर दिया है। समिति जनपद स्तर पर सभी विद्यालयों मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का आंकलन करेगी।

जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति पटवारी, लेखपाल, कानूनगो एवं सीएससी के डाटा एन्ट्री आपरेटर द्वारा तिथिवार रोस्टर तैयार कर छात्र-छात्राओं को आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जायेंगे जिससे ही अनावश्यक छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना ना करना पडे। उन्होंने कहा प्रमाण पत्रों हेतु आवश्यक शुल्क, दस्तावेज, ऑनलाईन/आफलाईन के माध्यम से तहसीलदार, उपजिलाधिकारी कार्यालयों को प्रेषित किये जायेंगे। उन्होंने गठित समिति के निर्देश दिये है कि एक सप्ताह के भीतर उक्त प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य को उपलब्ध करायेंगे।

जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी के.एस. रावत को निर्देश दिये हैं कि समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ ही उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार के साथ समन्वय कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# छह लाख की स्मैक व चरस के साथ पांच गिरफ्तार

संवाददाता

हरिद्वार। पुलिस ने छह लाख की स्मैक व चरस के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 अभियान को सार्थक बनाने हेतु उनके द्वारा दिए गए कड़े दिशा निर्देशों के क्रम में हरिद्वार पुलिस द्वारा अलग अलग थाना क्षेत्रों से 06 नशा तस्करों को दबोचने में सफलता हाथ लगी। थाना कनखल पुलिस द्वारा जिया पोता पेट्रोल पंप के पास से रजत पुत्र राकेश निवासी सपेरा बस्ती घिस्सूपुरा पथरी हरिद्वार को 118 ग्राम चरस के साथ दबोचा गया। वहीं कोतवाली रानीपुर पुलिस द्वारा डबल पुल सुमन नगर से शिवा पुत्र महेंद्र शर्मा को 27.28 ग्राम स्मैक व मदन शर्मा पुत्र सुखबीर को 23.54 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा गया। दोनो कें द्वारा उक्त स्मैक हसन निवासी बरेली से खरीदना बताया। जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है। कोतवाली लक्सर पुलिस द्वारा डोसनी पुल के पास से तस्लीम पुत्र मुनसब, माजिद पुत्र इस्लाम को 4.38 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# ढाबे में शराब पिलाने पर संचालक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने ढाबे में शराब पिलाने पर ढाबा मालिक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि सहस्त्रधारा रोड पर नेगी चिकन की दुकान पर लोगों को शराब पिलायी जा रही है। पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंच वहां पर लोगों को शराब पीते देखा तो ढाबा संचालक सचिन कुमार पुत्र ब्रिजेश कुमार ऋषिनगर सहस्त्रधारा रोड रायपुर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चरस के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान सभावाला पुल के पास दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से आधा किलो चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सद्दाम पुत्र इकराम व नदीम पुत्र मशरूफ दोनों निवासी खुशहाल पुर सहसपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# उक्रांद निकाय चुनाव में दिखवायेगा दमखमः जुयाल

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एपी जुयाल ने कहा कि दल निकाय चुनाव दमखम के साथ लडेगा और जीत हासिल करेंगा।

आज यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल पूरे दमखम के साथ निकाय चुनाव लड़ेगा। दल आगामी निकाय चुनाव के मध्यनजर वार्ड स्तर से लेकर निकायों के चुनाव प्रभारियों और प्रवेक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। जनपदवार केंद्रीय पदाधिकारी संगठन की मजबूती व प्रत्याशियों के चयन पर निगरानी रखते हुए सफलता दिलवाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को जनता को कर्नाटक की जनता के द्वारा लिए गये निर्णय से सबक सीखना चाहिए। इस अवसर राजीव कुमार, मोहित प्रकाश तथा रमन देव ने उक्रांद परिवार में मधु सेमवाल के प्रयासों से शामिल हुए। दल के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जुयाल जी ने नए साथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सुनील ध्यानी, दीपक गैरोला, देवेंद्र कण्डवाल, रमा चौहान, उत्तरा पंत, मधु सेमवाल, बिजेंद्र रावत, समीर मुंडेपी, विपिन रावत, राजेंद्र बिष्ट, राजेंद्र प्रधान, अनिल डोभाल, मनोज कुमार, मनीष रावत आदि उपस्थित रहे।



# दून फिल्म सोसाइटी के अंतर्गत मूवी 'लेमन ट्री लोगों को दिखाई गई



संवाददाता

देहरादून। रीट टॉकीज दून फिल्म सोसाइटी के अंतर्गत लेमन ट्री मूवी लोगों को दिखायी गयी।

आज यहां रीच संस्था की प्रेसिडेंट श्रीमती शोभना खुल्लर ने बताया कि संस्था की ओर से कला एवं दुनिया की अच्छी फिल्मों को देखने और सराहने की संस्कृति को देहरादून में विकसित करने के लिए रीच टॉकीज की शुरुआत पंद्रह साल पहले की गई थी। स्व.कर्नल सुभाष चंद्र खुल्लर इसके संस्थापक प्रेसिडेंट थे जिन्होंने एक अदम्य उत्साह एवं जुनून से इसको स्थापित किया। उनके असामयिक निधन के पश्चात अविनाश सक्सेना ने इसे सम्भाला और हर सप्ताह एक से एक फिल्म निर्देशकों की फिल्मों को चुन कर लोगों तक लाते रहे। अब इसके सेक्रेटरी मोहित डाँग हैं और प्रेसिडेंट श्रीमती शोभना खुल्लर हैं जिन्होंने इसको कोविद पश्चात पुर्जीवित किया है।

इस संस्था के अंतर्गत होटल इंदरलोक, देहरादून, में हर रविवार को ग्यारह बजे सुबह से भारतीय, आंचलिक और विदेशी फिल्में दिखाई जाती रही हैं। इसी क्रम में, आज अरेबिक भाषा की फिल्म "लेमन ट्री" लोगों को दिखाई गई जो एरान रिक्लिस द्वारा निर्देशित है। जिसमे अभिनय किया है हीम अब्बास, अली सुलेमान, रोना लिपाज-माइकल एवं डोरोन टेवरी ने, फिल्म के कहानी को लिखा है एरान रिक्लीस एवं सुहा अरफ ने। फिल्म एक फिलिस्तीनी विधवा- सलमा, की सच्ची कहानी पर आधारित एक नाटक के रूप में दिखाया गया है जिसे अपने नींबू के बागीचे की रक्षा करनी है।

फिल्म एक फिलिस्तीनी विधवा के कानूनी प्रयासों का वर्णन करती है, जो इजरायल के रक्षा मंत्री का, जो की उसके नींबू के बाग के बिलकुल बगल में रहने आता है, अपने स्वर्गीय पिता के लगाये बागीचे में नींबू के पेड़ों को नष्ट करने से रोकती है। इस दौर में वह इजराइली सैनिकों एवं सीक्रेट सर्विस साथ उलझती भी है। किंतु अंतराल में सलमा और रक्षा मंत्री की पत्नी के साथ एक नारी सहज मानवीय बंधन विकसित हो जाता है।

सलमा झुकने से इनकार करते हुए, वह अपने मामले को सर्वोच्च न्यायालय में ले जाने के लिए वकील जियाद दाउद को नियुक्त करती है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित करता है। रीच टॉकीज के कार्यपालक चाहते हैं कि वैसे लोग जो देहरादून शहर में फिल्म एवं कला में रुचि रखते हैं वे इस उपक्रम के माध्यम से हर रविवार को सुबह 11 बज होटल इंद्रलोक में आकर ऐसे फिल्म का आनंद ले सकते हैं जो कि विश्व सिनेमा के सम्मान में दिखाया जाता है। यहां पर हर तरह की फिल्म भविष्य में दिखाई जाएगी जिसमें कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है। सेक्रेटरी मोहित डाँग ने कहा कि हमारा मकसद ही है कि हम देहरादून के लोगों को पूरी दुनिया से चुन चुन कर कुछ सर्वश्रेष्ठ फिल्म को दिखाएं ताकि देहरादून के लोगों को एक विश्व व्यापक फिल्मों का एक्सपोजर मिल पाए। श्रीमती खुल्लर ने कहा हम इस प्रयास में लगे हैं कि लोग अंतरराष्ट्रीय स्तर के फिल्मों और कलाकारों को समझे, कहानियों को देखें देहरादूनमें भी केरल की तरह एक फिल्म संस्कृति स्थापित हो।

# मकान का ताला तोड लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरी अटक फार्म निवासी सन्नी बिष्ट ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गये थे। आज जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चेहरे की खूबसूरती को प्रभावित करती हैं आइब्रो, इन घरेलू नुस्खों से बनाएं इन्हें काला और घना

आपका चेहरा डल लगेगा या ब्राइट यह आपकी आंखों पर निर्भर करता है। खूबसूरत आंखे सुंदरता में चार चांद लगा देती हैं और आंखों की सुंदरता घनी काली आइब्रोज से कई गुणा बढ़ जाती है। सभी महिलाओं की आइब्रो की रंगत और डेंसिटी अलग-अलग होती है। आइब्रो अगर पतली हो तो इसका असर चेहरे की खूबसूरती पर पड़ता है। जिस तरह सिर पर काले घने बाल हमारी पर्सनैलिटी में निखार लाते हैं, उसी तरह घनी आइब्रो भी चेहरे और पर्सनैलिटी में निखार लाती हैं। इसलिए सभी महिलाएं अपने आइब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों की जानकारी देने जा रहे हैं जिनके इस्तेमाल से आइब्रो को काला और घना बनाने में मदद मिलेगी। आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में-

कैस्टर ऑयल : कैस्टर ऑयल में पाया जाने वाला फैटी एसिड और विटामिन हेयर ग्रो को प्रमोट करने वाले होते हैं। इसे आइब्रो को घना करने के लिए यूज किया जा सकता है। रात में सोने से पहले कुछ बूंद कैस्टर ऑयल को रूई की मदद से आइब्रोज पर लगाएं। इसे रात भर लगा रहने दें।

नारियल का तेल: ब्यूटी केयर में हमारा पसंदीदा होता है नारियल तेल। स्किन से लेकर हेयर तक और फेस से लेकर पैरों तक इसका उपयोग किया जा सकता है। इससे रोज दो बार आईब्रो की मसाज करने से ये जल्द ही मोटी और काली हो जाती हैं।

एलोवेरा : एलोवेरा में मौजूद एंजाइम आइब्रो के बालों को मॉइश्चराइज करते हैं और इसकी रंगत को गहरा और इसे घना बनाते हैं। ऐसे में एलोवेरा जेल में ऑलिव ऑयल को मिलाकर नियमित रूप से सोने से पहले इसे अपनी आइब्रो पर अप्लाई करें और सुबह सामान्य पानी से त्वचा को साफ कर लें।

प्याज का रस : आइब्रो को काला और मोटा बनाने के लिए प्याज का रस लगाएं। प्याज का रस आइब्रो पर लगाने से आइब्रो को काला और घना किया जा सकता है। इसके लिए 1 प्याज से रस निकाल लें। अब इसे आइब्रो पर लगाकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। बाद में चेहरे को धो लें। इससे आइब्रो को मोटा किया जा सकता है।

कच्चा दूध: काली और चमकदार आईब्रो पाने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में कच्चे दूध को कॉटन की मदद से आई ब्रो पर अप्लाई करें। दिन में एक बार इसे लगाने से आपकी आई ब्रो ब्लैक और शाइनी बन जाएंगी।

अंडे की जर्दी: एग योक प्रोटीन और बायोटिन का रिच सोर्स है। ये दोनों बालों की ग्रोथ में अहम भूमिका निभाते हैं। अगर आप ऐसा उपाय चाहती हैं जो रोज नहीं करना पड़े तो जर्दी वाला उपाय अपना सकती हैं। वीक में एक या दो बार अंडे की जर्दी को आइब्रोज पर लगाए और बीस मिनट लगा रहने दें।

गुड़हल का फूल: गुड़हल के फूल का इस्तेमाल आपके आइब्रो को डार्क और डेन्स बनाए रखने में मदद करेगा। अपने आइब्रो पर इस फूल से बने पेस्ट को अप्लाई करें, फिर इसे 25 से 30 मिनट तक लगा हुआ छोड़ दें। उसके बाद हल्के गुनगुने पानी से आइब्रो को साफ कर लें। उचित परिणाम के लिए हर रोज नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करें। (आरएनएस)

# गहलोत का बयान, किसे अधिक फायदा?

राजनीति को लेकर एक पुरानी कहावत है, जिसे पिछले दिनों शिव सेना के नेता संजय राउत ने दोहराया। उन्होंने कहा कि राजनीति में कुछ भी अचानक घटित नहीं होता है। सो, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से छह महीने पहले पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की सबसे बड़ी नेता वसुंधरा राजे को लेकर जो कहा वह भी अनायास नहीं है। गहलोत ने कहा कि 2020 में वसुंधरा और भाजपा के कुछ अन्य विधायकों, नेताओं ने उनकी सरकार बचाई थी। इस बयान के दो पहलू हैं। एक तो कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति से जुड़ा है। इस तरह के बयानों से सचिन पायलट को निशाना बनाया जाता है और बार बार याद दिलाया जाता है कि उन्होंने अपनी ही सरकार गिराने का प्रयास किया था। इससे आलाकमान के सामने और जनता में भी उनको लेकर निगेटिव मैसेज जाता है। दूसरा पहलू भाजपा की अंदरूनी राजनीति से जुड़ा है। तभी सवाल है कि इससे वसुंधरा राजे को फायदा होगा या नुकसान होगा? इस बात की बहस में जाने की जरूरत नहीं है कि वसुंधरा ने गहलोत की सरकार सचमुच बचाई थी या यह एक अफवाह है? जिसे गहलोत सच बनाना चाहते हैं? पाकिस्तान के एक बड़े व्यंग्यकार थे मुश्ताक अहमद यूसुफी, जिन्होंने लिखा था- इस मुल्क की अफवाहों की एक बुरी बात यह है कि वह अक्सर सही साबित हो जाती हैं। यह बात भारत की राजनीति के बारे में भी कही जा सकती है। पहले अफवाहें उठती हैं और बाद में वो सही साबित हो जाती हैं। जैसे महाराष्ट्र में जब अजित पवार ने देवेंद्र फड़नवीस के साथ उप मुख्यमंत्री की शपथ ली और बाद में एनसीपी में वापस लौट गए तो अफवाह उठी कि यह सब शरद पवार के इशारे पर हुआ है और पिछले दिनों फड़नवीस ने इस अफवाह की पुष्टि कर दी। बहरहाल, अब तक जो बात सूत्रों के हवाले से या राजनीतिक साजिश के रूप में कही जाती थी उस पर मुख्यमंत्री ने मुहर लगाई है। इस बयान को दोनों तरह से देखा जा रहा है। एक नजरिया तो यह है कि गहलोत को पता है कि अगर उनको कोई चुनौती दे सकता है तो वह वसुंधरा हैं। इसलिए पहले उन्होंने वसुंधरा को भाजपा आलाकमान की नजर में संदिग्ध बनाने का प्रयास किया है ताकि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उन पर भरोसा न करे और उनके हाथ में कमान न दे। हालांकि आलाकमान पहले से हिचक दिखा रहा है और अब इस बयान के बाद ज्यादा नुकसान हो जाएगा।

इस बयान की दूसरी व्याख्या हो रही है कि इससे वसुंधरा की ताकत बढ़ेगी। दो तरह से उनकी ताकत बढ़ने की बात हो रही है। पहला मैसेज तो यह है कि गहलोत उनको रास्ते से हटाना चाहते हैं इसलिए बदनाम कर रहे हैं और दूसरा मैसेज यह है कि अगर भाजपा आलाकमान ने वसुंधरा को कमान नहीं सौंपी तो वे कांग्रेस के साथ मिल कर भाजपा की राह मुश्किल करेंगी। कांग्रेस या गहलोत से उनकी करीबी का मैसेज उनकी ताकत बढ़वाएगा। यह जैसे को तैसे वाली राजनीति भी कह सकते हैं। आखिर पिछले दिनों कई बार प्रधानमंत्री मोदी भी गहलोत की तारीफ कर चुके हैं।( आरएनएस)

# मुद्दा रुपये की ताकत का

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने गोवा आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रुपया-रुबल में कारोबार के बारे में जो टिप्पणी की, उससे भारतीय बौद्धिक वर्ग का एक बड़ा हिस्सा आहत है। लावरोव ने यह टिप्पणी विदेशी मीडिया में आई एक खबर के बारे में पूछे जाने पर की। खबर यह है कि रूस ने भारतीय आयात का रुपये में भुगतान को लेकर चल रही बातचीत रोक दी है। इस बारे में सवाल पर लावरोव ने कहा कि भारतीय बैंकों में पहले ही रूस का काफी रुपया जमा हो चुका है। उसका कोई उपयोग उसे नहीं सूझ रहा है। इसलिए यह समस्या वास्तविक है। साथ ही उन्होंने जोड़ा कि इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है। इस कथन से भारतवासियों की आहत हुई राष्ट्रीय भावना के सवाल को एक अगर थोड़ी देर के लिए भूल जाएं, तो यह प्रश्न उठेगा कि लावरोव ने जो कहा क्या वह बात सिरे से निराधार है? इस सिलसिले में इस बात का अवश्य उल्लेख होना चाहिए कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से भारत सरकार ने रुपये को वैश्विक रिजर्व करेंसी बनाने की महत्त्वाकांक्षा में अपनी ताकत झोंक रखी है।


अनेक देशों के साथ रुपये में भुगतान के लिए करार हुआ है और उसका सिस्टम भी बन गया है। लेकिन असल में भुगतान हो नहीं रहा है। कारण बहुत स्पष्ट है। रुपया सिर्फ उन देशों को स्वीकार्य हो सकता है, जिनका भारत से आयात ज्यादा निर्यात कम है। जो देश भारत को अधिक निर्यात करते हैं, उनके सामने एक सीमित मात्रा के बाद रुपये की उपयोगिता का प्रश्न उठ खड़ा होगा। जिस देश का कुल अंतरराष्ट्रीय कारोबार में हिस्सा सिर्फ दो प्रतिशत हो और अधिकांश देशों के साथ कारोबार घाटे में हो, उसके अपनी मुद्रा को ग्लोबल रिजर्व करेंसी बनाना बहुत बड़ी चुनौती है। इसलिए भारतवासियों को लावरोव की टिप्पणी से आहत होने के बजाय इस बात पर चर्चा करनी चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था कैसे इतनी मजबूत बने, जिससे रुपये के प्रति दुनिया का सहज आकर्षण बन जाए। अपनी शक्ति से ज्यादा महत्त्वाकांक्षा जोखिमभरी होती है।( आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन

# सेहत के बारे में काफी कुछ बताते हैं कान, जानिए कैसे



क्या आपने कभी अपने कानों में कोई परिवर्तन या परेशानी महसूस की है? अगर हां तो ये लक्षण अंदरूनी स्वास्थ्य समस्याओं के संकेत हो सकते हैं और इन्हें नजरअंदाज करना मुसीबत खड़ी कर सकता है। हमारे कान हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसमें हमारी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के संकेत भी शामिल है। आइए आज हम आपको ऐसे ही 5 संकेतों के बारे में बताते हैं, जिन पर आपको ध्यान देना चाहिए।

कम सुनाई देना

कम सुनाई देना अक्सर अनुवांशिक स्थितियों जैसे डाउन और टर्नर सिंड्रोम आदि से जुड़ा होता है। डाउन सिंड्रोम वाले लोगों में आमतौर पर अन्य शारीरिक बदलाव भी होते हैं। टर्नर सिंड्रोम सिर और गर्दन के तालमेल को प्रभावित कर सकता है और विकास सहित यौवन से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकता है। कम सुनाई देना दुर्लभ शार्प्रेंजेंज-गोल्डबर्ग और जैकबसेन सिंड्रोम का भी लक्षण हो सकता है। कान नहीं होंठ भी आंतरिक समस्याओं के बारे में बताते हैं।

कर्णपालि पर लकीर

अगर आप अपने कान की कर्णपालि के बीच में लकीर देखते हैं तो यह आपके दिल के साथ संभावित समस्या का संकेत दे सकता है, जिसे फ्रैंक के संकेत के रूप में जाना जाता है। यह लकीर तब बनती है, जब दिल और कान के पास रक्त वाहिकाओं के आस-पास के ऊतक टूट जाते हैं। अगर आपको इस लक्षण के साथ सीने में दर्द या सांस की तकलीफ का अनुभव हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।

एकतरफा बहरापन

एकतरफा बहरापन से मतलब है कि किसी एक कान से सुनाई न देना और इसके विभिन्न कारण हो सकते हैं। इसमें कान में संक्रमण होना, मैल का जमाव या ध्वनिक न्यूरोमा नामक शामिल है। अगर यह ट्यूमर बढ़ता है और श्रवण तंत्रिका पर दबाव डालता है तो यह बहरेपन का कारण बन सकता है। ट्यूमर का पता लगाने के लिए चक्कर आना, चेहरे का लटकना और कानों में घंटी बजना जैसे अन्य लक्षणों पर ध्यान दें।

लाल कान

कान के लाल होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे धूप में रहना, हार्मोनल बदलाव या बुखार आदि। कभी-कभी कान लाल होना सामान्य बात है। हालांकि, अगर आप अक्सर माइग्रेन या क्लस्टर सिरदर्द के साथ लाल कान या जलन का अनुभव करते हैं तो यह रेड ईयर सिंड्रोम का संकेत हो सकता है। किसी भी अंदरूनी स्वास्थ्य समस्या की पहचान करने के लिए चिकित्सक जांच की ओर कदम बढ़ाएं।



कान में दर्द

कान में दर्द की समस्या कभी भी किसी को भी हो सकती है। यह समस्या काफी पीड़ादायक होती है और इसके कारण लोग बुखार से भी ग्रसित हो जाते हैं। अक्सर कान के अंदर गंदगी जम जाने या फिर किसी तरह के संक्रमण की वजह से कान में दर्द होने लगता है। हालांकि, कानों के दर्द को नजरअंदाज न करें क्योंकि यह गंभीर अंदरूनी स्वास्थ्य समस्याओं का भी संकेत हो सकता है।

## शब्द सामर्थ्य -016

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 15 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

# शाहरुख की जवान 7 सितंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

शाहरुख खान की फिल्म जवान की पिछले साल घोषणा हुई थी। घोषणा के साथ ही शाहरुख का लुक भी साझा किया गया था, जिसने लोगों को खूब आकर्षित किया था। यह फिल्म 2 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बीते कुछ दिनों से इसके टलने की खबरें आ रही थीं। अब फिल्म की रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। अब यह फिल्म 2 जून की बजाय 7 सितंबर को रिलीज की जाएगी।

रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के वीएफएक्स के काम में अभी और वक्त की जरूरत है। निर्माता इसमें कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इसके लिए इसकी रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है। इस घोषणा के पहले से ही सोशल मीडिया पर जवान ट्रेंड कर रहा था। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने ट्विटर पर नई रिलीज डेट की जानकारी दी है।

जवान में निर्माता कोई कमी इसलिए भी नहीं छोड़ा चाहते हैं, क्योंकि यह शाहरुख खान के करियर की पहली पैन इंडिया फिल्म है। फिल्म के विजुअल एफेक्ट पर भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां काम कर रही हैं। अप्रैल में ही शाहरुख ने फिल्म की शूटिंग पूरी की थी। शूटिंग से फिल्म की कई तस्वीरें और वीडियो लीक हुए थे, जिन्हें सोशल मीडिया से हटाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा था।

फिल्म का निर्देशन दक्षिण के सिनेमा के मशहूर निर्देशक एटली कर रहे हैं। फिल्म में शाहरुख के साथ मुख्य भूमिका में नयनतारा नजर आएंगी। यह एटली और नयनतारा, दोनों की पहली बॉलीवुड फिल्म है। फिल्म में शाहरुख बाप-बेटे के डबल रोल में दिखेंगे। इनमें से एक किरदार गैंग्स्टर तो दूसरा सुरक्षा अधिकारी का होगा। फिल्म में संजय दत्त भी कैमियो करेंगे। वह पर्दे पर शाहरुख के साथ एक्शन करते नजर आएंगे। इस साल शाहरुख ने 4 साल बाद पठान के साथ बड़े पर्दे पर वापसी की थी, जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई। अब वह जवान के बाद राजकुमार हिरानी की डंकी में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ तापसी पन्नू की जोड़ी बनी है। दोनों को पहली बार पर्दे पर साथ देखने के लिए प्रशंसक भी काफी उत्सुक हैं। इसके अलावा अभिनेता सलमान खान के साथ टाइगर वर्सेज पठान का भी हिस्सा हैं, जिसमें दोनों सितारे एक-दूसरे के आमने सामने होंगे।

# माइनस 15 डिग्री सेल्सियस में क्रायोथेरेपी लेती हैं रकुल प्रीत सिंह

आइस आइस बेबी! बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने माइनस 15 डिग्री तापमान में बर्फीले ठंडे पानी में डुबकी लगाई। रकुल ने इंस्टाग्राम पर बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच डुबकी लगाते हुए एक वीडियो साझा किया।

क्लिप में, रकुल नीले रंग की बिकनी पहने हुए दिखाई दे रही है, वह बर्फीली जगह के बीच स्थित अपने केबिन से आती हैं और फिर बर्फीले ठंडे पानी में डुबकी लगाती है। रकुल ने कैप्शन दिया- क्रायो इन माइनस 15 डिग्री कोई भी?

काम के मोर्चे पर, रकुल अगली बार 'इंडियन 2' में दिखाई देंगी। वह आखिरी बार यौन शिक्षा के इर्द-गिर्द घूमती फिल्म 'छतरीवाली' में नजर आई थीं।

# कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म बंदा को लेकर सुर्खियों में हैं मनोज बाजपेयी

मनोज बाजपेयी उन कलाकारों में शुमार हैं, जो अपना हर किरदार इतनी शिद्दत से निभाते हैं कि पर्दे पर उनका अभिनय, अभिनय की तरह लगता ही नहीं है। लगता है मानों वह असल में उसी किरदार में जीते हों। पिछले कुछ दिनों से मनोज अपनी कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म बंदा को लेकर सुर्खियों में हैं। बंदा की कहानी सच्चाई की यात्रा को लेकर लड़ने वाले शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर के मुताबिक, मनोज फिल्म में राजस्थान में सेशंस कोर्ट के साधारण से वकील पूनम चंद सोलंकी का किरदार निभा रहे हैं, जिन्होंने अपने दम पर भारत के सबसे प्रतिष्ठित वकीलों और बाधाओं के खिलाफ एक असाधारण-सा केस लड़ा और सबके छक्के छुड़ाए। तमाम धमकियों के बीच वह सच सामने लाने को आतुर हैं। एक वकील के किरदार में मनोज खूब जंच रहे हैं। तमाम लोगों के लिए भगवान बन चुका आसाराम बापू 16 वर्षीय बच्ची का रेप करने के कारण जेल में है और उसे सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम सोलंकी ने किया। उन्होंने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए अपनी जान तक की परवाह नहीं की। बंदा एक आदमी की लड़ाई की शानदार कहानी है, जो यह साबित करती है कि कोई भी आदमी कानून से ऊपर नहीं हो सकता है। इस फिल्म का ऐलान पिछले महीने 23 अप्रैल को मनोज के जन्मदिन के मौके पर हुआ था। खुद मनोज ने भी फिल्म का पोस्टर साझा कर अपने प्रशंसकों को अपनी इस नई फिल्म का तोहफा दिया था। उन्होंने लिखा था, जब बात हो इंसाफ की, सिर्फ एक ही बंदा काफी है। फिल्म के निर्देशक अपूर्व सिंह कार्की हैं। उन्होंने कहा, बंदा में सब कुछ है - एक मजबूत कहानी, मनोज बाजपेयी जैसे शांत और आत्मविश्वास से लबरेज अभिनेता और जबरदस्त सहायक कलाकार। इसका पोस्टर देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का कहना था कि फिल्म में मनोज हैं तो पक्का इसमें कुछ न कुछ बढ़िया होगा। बता दें कि मनोज फिल्म डिस्पैच में भी नजर आएंगे। इसके अलावा वह फिल्म जोरम में भी अपने अभिनय का दम दिखाने वाले हैं।

# बेहद स्टाइलिश है सास बहू और फ्लेमिंगो की बहू अंगिरा धर



वेब सीरीज सास बहू और फ्लमिंगो में अंगिरा धर की एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है। वह बिंदास लाइफ जीती हैं। अंगिरा की रियल लाइफ फोटोज देख आपकी आंखें फटी रह जाएंगी। अंगिरा धर इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी लेटेस्ट फोटोज़ पोस्ट करती रहती हैं। वह बिंदास लाइफ जीती हैं। उनके इंस्टा प्रोफाइल से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है। सास बहू और फ्लेमिंगो में अंगिरा राजस्थानी आउटफिट्स में नजर आई हैं, लेकिन रियल लाइफ में वह बेहद ग्लैमरस हैं। वेस्टर्न ड्रेस में उन्होंने अपनी कई सारी फोटोज पोस्ट की हैं, जिसमें वह बेहद हॉट लग रही हैं। हर लुक में अंगिरा धर कमाल की लग रही हैं। कई फोटोज में उन्होंने अपने परफेक्ट फिगर को फ्लॉन्ट किया है। उनकी कई तस्वीरें ऐसी हैं, जिन पर से आप अपनी नजरें हटा नहीं पाएंगे। वेब सीरीज सास बहू और फ्लमिंगो में अंगिरा धर की एक्टिंग को जमकर सराहा जा रहा है।

अंगीरा धार एक भारतीय फिल्म अभिनेत्री है। वह वेब सिरीज बैंग बाजा बारात में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती है। अंगीरा धार का जन्म मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ है।

उन्होंने अपनी पढाई मुंबई के स्कूल के से की है, और जेवियर इंस्टिट्यूट से कम्युनिकेशन की पढाई की है। धार ने अपने करियर की शुरुआत चैनल वी के जरिये टीवी प्रोडक्शन से की। इस दौरान उन्होंने प्रोडक्शन सेजुड़ी टेक्निकल स्किल्स, स्क्रिप्ट लिखना, एडिटिंग, शूटिंग आदि का अनुभव लिया। इसके अलावा उन्होंने कैमरे के पीछे बतौर असिस्टेंट निर्देशक के रूप में भी काम किया। टीवी प्रोडक्शन के अलावा अंगीरा कई टीवी कमर्शियल में भी नजर आयीं।

# टाइगर 3 में शाहरुख खान के कैमियो पर खर्च होंगे 35 करोड़

शाहरुख खान की फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो की खूब चर्चा हुई थी। इस फिल्म में सलमान अपने टाइगर उर्फ अविनाश राठौड़ के किरदार में पहुंचे थे।

फिल्म में दोनों का एक शानदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिला, जिसे देखकर शाहरुख और सलमान के प्रशंसक रोमांचित हो उठे। ट्रेन के ऊपर हुआ यह एक्शन दृश्य खूब सुर्खियों में रहा। अब यशराज फिल्म्स टाइगर 3 में भी शाहरुख और सलमान के बीच जबरदस्त एक्शन की योजना बना रही है।

पठान में सलमान के कैमियो के बाद अब टाइगर 3 में शाहरुख का कैमियो चर्चा में है। टाइगर 3 में शाहरुख और सलमान के बीच एक भव्य एक्शन दृश्य फिल्माया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य चोपड़ा इस दृश्य पर 35 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। जब सलमान और शाहरुख एक फ्रेम में हैं तो वह एक यादगार सिनेमाई अनुभव बनाना चाहते हैं। दर्शकों के लिए 35 करोड़ का यह दृश्य देखना रोमांचक होगा।

शाहरुख और सलमान इस दृश्य की शूटिंग 8 मई से शुरू करेंगे। पठान में जब वह दुश्मनों के बीच फंस जाता है तो टाइगर उसकी मदद करता है। जाते-जाते टाइगर पठान से कहता है कि भविष्य में उसे भी उसकी जरूरत पड़ सकती है। अब पठान टाइगर का यह कर्ज चुकाएगा। पठान में जहां यह भव्य दृश्य चलती ट्रेन पर था, वहीं टाइगर में दोनों जेल के अंदर एक्शन करते नजर आएंगे।

टाइगर 3 में एक बार फिर से सलमान के साथ कैटरीना कैफ की जोड़ी देखने को मिलेगी। दोनों इससे पहले एक था टाइगर और टाइगर जिंदा है में नजर आ चुके हैं। इस बार फिल्म की स्टारकास्ट में इमरान हाशमी भी शामिल हुए हैं। वह फिल्म में विलेन बने नजर आएंगे। खबर है कि वह एक पाकिस्तानी जासूस के किरदार में होंगे, जिसे पाकिस्तान का टाइगर माना जाता है। टाइगर 3 इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगी।

पठान के साथ यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने स्पाई यूनिवर्स की घोषणा की थी। इस यूनिवर्स में वाईआरएफ की स्पाई फिल्मों का क्रॉसओवर देखने को मिलेगा।

फिल्म में शाहरुख की पठान, सलमान की टाइगर और ऋतिक रोशन की वॉर शामिल होंगी। ऋतिक की वॉर 2 की घोषणा हो चुकी है। इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। दर्शकों के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि सभी फिल्में आपस में कैसे मिलती हैं।

# बड़े मियां छोटे मियां से फाइटर तक, इन फिल्मों में लगेगा एक्शन का जबरदस्त तड़का

अक्षय कुमार की भले ही पिछली फिल्में फ्लॉप रही हों, लेकिन इससे उनकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। यही वजह है कि प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों की राह भी बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। हाल ही में अक्षय ने ऐलान किया की उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां अगले साल ईद पर आएगी। इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन देखने को मिलेगा। आइए जानते हैं और किन फिल्मों में आपको एक्शन का तगड़ा डोज मिलने वाला है।

एक्शन के शौकीनों को भी गदर 2 का इंतजार है। सनी देओल तो वैसे ही एक्शन करने में माहिर रहे हैं और अब वह एक बार फिर अपने दमदार एक्शन से दर्शकों के होश उड़ाने वाले हैं। कुछ ही समय पहले उनकी इस फिल्म के सेट पर शूट हुआ एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक्शन सीन की शूटिंग हो रही थी। गदर-एक प्रेम कथा ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। अब फिर सनी धमाल मचाने वाले हैं।

इस फिल्म के नाम से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसके एक्शन का स्तर क्या होगा। यह करण जौहर की पहली एक्शन फ्रेंचाइजी है। लिहाजा उन्होंने इसे खास बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा हैं, वहीं दिशा पाटनी और राशि खन्ना भी इसमें अहम भूमिका निभाने वाली हैं। सिद्धार्थ फिल्म में रॉ एजेंट बनकर धमाकेदार एक्शन करते दिखेंगे। सच्ची घटना से प्रेरित यह कहानी 15 सितंबर, 2023 को सिनेमाघरों में आएगी।

फाइटर भारत की पहली एरियल एक्शन फ्रेंचाइजी होगी। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। इसके जरिए पहली बार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जोड़ी बनी है। न सिर्फ ऋतिक, बल्कि दीपिका भी इसमें जबरदस्त स्टंट करती नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि फिल्म में ऐसे एक्शन सीन देखने को मिलेंगे, जो पहले कभी किसी भारतीय फिल्म में देखने को नहीं मिले होंगे। यह फिल्म 25 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

अगर आप एक्शन फिल्मों की राह देख रहे हैं तो सलमान खान और कैटरीना कैफ की टाइगर 3 भी आपकी कसौटी पर खरी उतरेगी। इसमें सलमान और शाहरुख खान का एक्शन सीक्वेंस देखने लायक होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर 3 के इस स्पेशल सीक्वेंस के लिए 35 करोड़ रुपये का एक विशाल सेट बनाया जाएगा। इस एक्शन सीक्वेंस के लिए दुनियाभर के 3 बड़े एक्शन निर्देशकों से हाथ मिलाया गया है। टाइगर 3 दिवाली के मौके पर रिलीज होगी। शाहिद कपूर की फिल्म ब्लडी डैडी का टीजर सामने आने के बाद इसकी रिलीज को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। रिलीज हुए टीजर में शाहिद एकदम अलग अवतार में नजर आ रहे थे। इसे देख साफ हो गया था कि शाहिद फिल्म में एक्शन पैक्ड अवतार में दिखेंगे। ब्लडी डैडी में कई एक्शन सीन हैं, जिसे निर्देशक अली अब्बास जफर ने अलग तरीके से फिल्माया है। इसमें दर्शकों को हथियारों से ज्यादा हैंड टू हैंड फाइट देखने को मिलेगी।

# आधुनिक सामाजिक संरचना के संवाहक शाहू जी महाराज

डॉ. प्रह्लाद माने

भारत की आधुनिक सभ्यता और संस्कृति को गतिशील बनाने में और उसको बहुजनों के हित में क्रियान्वयन करने में जिन पुरोधाओं ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया है ,उनमें से एक प्रमुख नाम शाहू जी महाराज का आता है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि उनके योगदानों और कार्यों की समष्टि और व्यष्टि समायोजना रेखांकित किया जाए जिससे अनिवार्य रूप से आधुनिक पीढ़ी को अवगत कराया जा सके । छत्रपति शाहू महाराज को एक भारत में सच्चे लोकतान्त्रिक नेता थे जिनका मानना था कि लोकतंत्र लोकमन और लोकमंच का विषय है जिसमें आधे से अधिक आवादी के विकास और सहभागिता किए बिना सुदृढ़ नहीं बनाया जा सकता है । उन्होनें विभिन्न क्षेत्रों में कई सुधार भी किए इसलिए उन्हे आधुनिक साम आज सुधारक के नाम से भी जाना जाता। वह केवल कोल्हापुर के इतिहास में नहीं अपितु पूरे वर्ष में एक अमूल्य मणि के रूप में आज भी प्रसिद्ध हैं। छत्रपति साहू महाराज ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने राजा होते हुए भी दलित और शोषित वर्ग के कष्ट को समझा और सदा उनसे निकटता बनाए रखी। उन्होंने दलित वर्ग के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की थी। गरीब छात्रों के छात्रावास स्थापित किये और बाहरी छात्रों को शरण प्रदान करने के आदेश दिए। शाहू महाराज के शासन के दौरान बाल विवाह पर ईमानदारी से प्रतिबंधित लगाया गया। उन उनका मानना था कि केवल नियम कानून बना देने से शासन प्रणाली संचालित नहीं हो जाती है ,उसे अनुप्रायोगिक करने के लिए स्वयं निरक्षण आवश्यक है। ऐसे महापुरुष के जीवन के बारे में सामान्य जानकारी देना आवश्यक हसी ,क्योंकि किसी भी महापुरुष का जीवन सरल और सहज नहीं होता है। यही कारण है की उनके जीवन से भी प्रेरणा मिलती है। राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज का जन्म 26 जून 1874 में हुआ था। उनके पिता का नाम श्रीमंत जयसिंह राव आबासाहब घाटगे था। छत्रपति साहू महाराज का बचपन का नाम यशवंतराव था। वह बहुत छोटे थे तब बाल्य-अवस्था में ही बालक यशवंतराव को छत्रपति साहू महाराज की हैसियत से कोल्हापुर रियासत की राजगद्दी को सम्भालना पड़ा था। छत्रपति शिवाजी महाराज (प्रथम) के दूसरे पुत्र के वंशज शिवाजी चतुर्थ कोल्हापुर में राज्य करते थे।छत्रपति शाहू महाराज की माता राधाबाई मुधोल राज्य की राजकन्या थी। पिता जयसिंग रॉव उर्फ़ अबासाहेब घाटगे कागल निवासी थे। उनके दत्तक पिता शिवाजी चतुर्थ व दत्तक माता आनंदी बाई थी। छत्रपति शाहू महाराज की शिक्षा राजकोट के राजकुमार विद्यालय में हुई थी। प्रारंभिक शिक्षा के बाद आगे की पढ़ाई रजवाड़े में ही एक अंग्रेज शिक्षक स्टुअर्ट मिटफर्ड फ्रेज़र के जिम्मे सौपी गई थी। अंग्रेजी शिक्षक और अंग्रजी शिक्षा का प्रभाव छत्रपति शाहू महाराज के दिलों-दिमाग पर गहराई से पड़ा था। शाहू जी वैज्ञानिक सोच को न सिर्फ वे मानते थे बल्कि इसे बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास करते थे। पुरानी प्रथा, परम्परा अथवा काल्पनिक बातों को वे महत्त्व नहीं देते थे। उनका मानना था मानव- मानव में ऊंच-नीच नहीं होता है। सामाजिक संरचना में भी सभी सामअन है इसलिए किसी को किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए। यही कारण रहा कि कोल्हापुर के महाराजा छत्रपति शाहूजी ने अपने दलित सेवक गंगाराम कांबले की चाय की दुकान खुलने पर वहाँ चाय पीने जाने का फ़ैसला किया, यह उस समय के लिए सहज और सरल नहीं था क्योंकि जब जाति प्रथा और धार्मिक उन्माद चरम पर था। उन्होंने महिलावों के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली से शिक्षित करने की वकालत की। वह मानव धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ मानते थे ,उन्होंने अपने राज्य समता मूलक समाज के लिए प्रत्येक नवाचार स्थापित किए। उनका मनाना था कि शिक्षा में केवल पुरुषों का अधिकार नहीं होना चाहिए बल्कि महिलावों को भी बराबर शिक्षा का अवसर मिले जिस राज्य में एक वर्ग अशिक्षित रहेगा वह प्रगतिशील नहीं बन सकता है। आधुनिक सोच और आधुनिक नवाचारों के अनुक्रम के उपक्रमों ने इन्हे आधुनिक सभ्यता का पुरोधा और संवहक बनआ दिया। आज पूरा भारत नई सोच के साथ इनके १०० वीं स्मृति शातब्दी समारोह मनाने जा रहा है। ऐसे में उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके कार्यों और कार्यक्रमों को हृदय में धारण करना चाहिए। प्रत्येक महापुरुष के जीवन आधार संघर्ष और कठिनाईयों से भरा होता है। ऐसे में उनका जीवन और उनके कार्य प्रेरणा देते है जिससे व्यक्ति कर्मशील और उद्यमशील बनाता है। आज युवा पीढ़ी को भी ऐसे महानायक के कार्यों से सीख लेनी चाहिए कि विषम परिस्थिति को भी कैसे अपने अनुकूल बनाया जाए और अल्प संसाधनों में भी कार्यों का संचालन किया जाए जिससे की सुदृढ़ सफलता प्राप्त हो सके। इनका सम्पूर्ण जीवन और किए गए कार्य प्रेरणा के पुंज हैं। ऐसे महापुरुष के स्मृति शताब्दी के अवसर पर सत-सत नमन।

*(लेखक- शिवाजी महराज विश्वविद्यालय, कोल्हापुर में समाजशास्त्र के प्राध्यापक हैं एवं नेहरू अध्ययन केंद्र के समन्वयक हैं)*

# बंद नाक से राहत पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा फायदा

आजकल का मौसम कभी धूप तो कभी बरसात वाला हो रहा है। ऐसे बदलते मौसम में बंद नाक एक सामान्य समस्या है, जिससे ज्यादातर लोग जूझते हैं। हालांकि, इस समस्या से बचाव के लिए आप दवाइयों की जगह कुछ प्रभावी प्राकृतिक और घरेलू उपचार भी आजमा सकते हैं। चलिए फिर आज हम आपको बंद नाक से राहत पाने के लिए 5 असरदार घरेलू नुस्खे बताते हैं।

अदरक की चाय या सिकाई :

बंद नाक की समस्या से बचाव के लिए अदरक की चाय का सेवन एक बेहतरीन घरेलू उपाय है। इसके अलावा आप इसे कंप्रेसर के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। कंप्रेशन के लिए 2 कप पानी में अदरक के कुछ टुकड़ों को डालकर उबालें और फिर उस पानी में एक ताजा कपड़ा भिगोकर उसे लगभग 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर रखें। अब कपड़े के माध्यम से सांस लेने की कोशिश करें। इससे आपकी बंद नाक खुल जाएगी।

गर्म पानी के साथ सेब के सिरके का करें सेवन :

सेब का सिरका एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होता है। यह आपको भरी और बंद हुई नाक से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। इसमें पोटैशियम भी होता है, जो बलगम को पतला बनाता है और उसे बाहर निकालने में मदद करता है। लाभ के लिए गर्म पानी में 2 बड़ी चम्मच सेब का सिरका मिलाएं और फिर दिन में 3 बार इसका सेवन करें। बेहतर स्वाद के लिए आप इसमें 1 बड़ी चम्मच शहद मिला सकते हैं।

भाप के लिए गुनगुने पानी से नहाएं :

बंद नाक की समस्या से राहत पाने के लिए गर्म पानी से नहाना बहुत प्रभावी होता है। जब आप नहाते समय गर्म पानी का भाप लेते हैं तो इससे आपकी नाक में दर्द और बेचैनी कम होती है, जिससे आपको बंद नाक से राहत मिलती है। इसके अलावा आप एक कटोरी गर्म पानी से भाप भी ले सकते हैं। यह तरीका भी बंद नाक का इलाज करने में मददगार है। इन दोनों गतिविधियों को दिन में कई बार करें।

हवा नम करने के लिए ह्यूमिडिफायर का करें इस्तेमाल :

आसपास की हवा में नमी जोड़ने के लिए ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल किया जाता है। इससे आपको बेहतर सांस लेने में मदद मिलती है। इस कारण बंद नाक से बचाव के लिए आपको ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करना चाहिए। हालांकि, इसका उपयोग करते वक्त सुरक्षा का ध्यान जरूर रखें। घर में ह्यूमिडिफायर के इस्तेमाल से बंद नाक के अलावा ये 5 अन्य फायदे भी मिलते हैं।

इस तरह रखें सोने की मुद्रा :

जब आप सोते हैं तो नाक में जकड़न या रुकावट बढ़ जाती है और ऐसा आसन यानी आपके सोने की मुद्रा के कारण होता है। इस कारण हमेशा अपने सिर के नीचे एक अतिरिक्त तकिया रखें ताकि आपका सिर थोड़ा ऊपर उठे और बलगम नाक में वापस न जाए। इसके अलावा आप बेहतर तरीके से सांस लेने के लिए अपनी नाक के पास कुछ पेपरमिंट तेल लगा सकते हैं। बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए सोने की ये मुद्राएं भी अच्छी हैं।

## सू- दोकू क्र.016

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.15 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# आमूल बदलाव के संकेत

वैसे यह सच है कि चीन की कुछ नीतियां ही युवान के अंतरराष्ट्रीयकरण की राह में बाधक हैं। मसलन, पूंजी नियंत्रण एक ऐसी नीति है, जिसके रहते युवान के लिए डॉलर की जगह ले पाना मुश्किल बना रहेगा।

दुनिया की वित्तीय व्यवस्था में आमूल परिवर्तन के संकेत मिल रहे हैं। अब यह पश्चिमी विशेषज्ञ भी मानने लगे हैं कि जिस तरह से चीन की मुद्रा युवान में अंतरराष्ट्रीय भुगतानों की संख्या बढ़ रही है, उससे अमेरिकी डॉलर के समानांतर एक नई भुगतान व्यवस्था की नींव तैयार हो रही है। दरअसल, पश्चिमी मीडिया में इस बदलाव की चर्चा भरी पड़ी है। इस परिघटना को डि-डॉलराइजेशन के नाम से जाना जा रहा है।

दरअसल, आंकड़ों के मुताबिक मार्च में पहली बार ऐसा हुआ कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले युवान में ज्यादा भुगतान किया गया। हालांकि अमेरिकी डॉलर अब भी दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक भुगतानों की प्रमुख मुद्रा है, लेकिन पश्चिम एशिया से लेकर रूस और लैटिन अमेरिका तक ऐसे देशों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार में भुगतान युवान में कर रहे हैं। पश्चिमी विश्लेषकों के मुताबिक ऐसी संभावना फिलहाल कम ही दिखती है कि पूरी दुनिया में आपसी भुगतान युवान में होने लगे। लेकिन यह सच है कि एक नया व्यापारिक ढांचा खड़ा हो रहा है।

खास तौर पर रूस को पश्चिमी भुगतान व्यवस्था से बाहर किए जाने के कदम ने इस व्यवस्था को मजबूती दी है, क्योंकि रूस के साथ व्यापार करने वाले देश अब वैकल्पिक व्यवस्थाएं तलाश रहे हैं। विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि चीन, रूस और ब्राजील दुनिया के सबसे बड़े कमोडिटी निर्यातक और आयातक हैं। वे अब अंतरराष्ट्रीय लेन-देने के लिए युवान का इस्तेमाल करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

उनका सहयोग अन्य देशों को भी युवान की ओर आकर्षित कर सकता है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय लेन-देन में युवान का हिस्सा मात्र 2.2 प्रतिशत है। लेकिन उसका हिस्सा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अभी तक दुनिया के व्यापारिक लेन-देन पर अमेरिकी डॉलर, यूरो, स्टर्लिंग और येन का कब्जा रहा है। यह पहला मौका है, जब इसमें एक महत्वपूर्ण बदलाव आता दिख रहा है। वैसे यह सच है कि चीन की कुछ नीतियां ही युवान के अंतरराष्ट्रीयकरण की राह में बाधक हैं। मसलन, पूंजी नियंत्रण एक ऐसी नीति है, जिसके रहते युवान के लिए डॉलर की जगह ले पाना मुश्किल बना रहेगा। (आरएनएस)

# द ब्रोकन न्यूज 2 में श्रिया पिलगांवकर का किरदार इंसाफ के लिए लड़ता नजर आएगा

अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने द ब्रोकन न्यूज के दूसरे सीजन पर काम करना शुरू कर दिया है और शो के सेट से बीटीएस की तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें जयदीप अहलावत और सोनाली बेंद्रे भी हैं। सीरीज में अभिनेत्री एक पत्रकार की भूमिका निभाती हैं। पहले सीजन में पत्रकार के चरित्र पर गलत आरोप लगाया जाता है, लेकिन दूसरे सीजन में वह उस व्यवस्था के खिलाफ अपनी पूरी ताकत से लड़ती हुई दिखाई देगी, जिसने उसे सबकी नजर में नीचे गिरा दिया था।

उन्होंने कहा : मेरा किरदार राधा एक धमाके के साथ वापस आ गया है और सिस्टम से लड़ने के लिए एक मिशन पर है, जिसने उस पर गलत आरोप लगाया। वह इस सीजन में बहुत अप्रत्याशित है कि वह आगे क्या करने जा रही है जो मेरे लिए इसे और अधिक दिलचस्प बनाता है। मैं सीजन 2 को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं।

उन्होंने कहा, मैं द ब्रोकन न्यूज के सीजन 1 के लिए मिले प्यार से बहुत खुश हूं। इसमें एक त्वरित, मानवीय अन्वेषण है कि विभिन्न समाचार चैनल देश में दैनिक प्रवचन को कैसे कैप्चर करते हैं। सीजन 2 में कहानी और रोमांचक हो जाती है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को बीजापुर अथिति गृह में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के मध्य कृषि से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई।

# भाजपा सांसद की गिरफ्तारी को लेकर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

संवाददाता

देहरादून। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

आज यहां महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष उर्मिला थापा के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला मुख्यालय में एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर अपर जिला अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि महिला कुश्ती खिलाडियों द्वारा भाजपा सांसद प र शारीरिक शोषण के लगाये



गये आरोप गम्भीर ही नहीं एक लोक सेवक के आचरण पर भी प्रश्नचिन्ह है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ–बेटी पढाओ का नारा बुलंद करने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें लगातार बढती जा रही है। भाजपा सांसद एवं कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर भारत का नाम दुनिया में रोशन करने वाली महिला कुश्ती खिलाडियों द्वारा लगाये गये शारीरिक शोषण के आरोप अत्यंत गम्भीर है जिनकी जांच एवं बृजभूषण शरण सिंह की बर्खास्तगी तथा गिरफ्तारी को लेकर भारत का नाम दुनिया में रोशन करने वाले बजरंग पूनिया जैसे खिलाडी दिल्ली के जन्तर–मन्तर में पिछले एक माह से लगातार आन्दोलन कर रहे है परन्तु भाजपा की केन्द्र सरकार उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है अपितु अपराधी को बचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह पर लगाये गये शारीरिक शोषण के आरोपों की सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की देख रेख में उच्च स्तरीय जांच नितांत आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में सुशीला शर्मा, अनुराधा तिवारी, सावित्री थापा, संगीता, कोमल, कमला आदि मौजूद थी।

## मकान का ताला तोड दो लैपटाप व सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से दो लैपटाप व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के इन्द्र रोड निवासी गगन चतुर्वेदी ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था। आज जब वह वापस आयरा तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से दो लैपटाप, एक डेबलेट, चांदी की प्लेट, सिक्के व अन्य सामान चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवती के हाथ से लूटा मोबाइल

संवाददाता

देहरादून। बदमाशों ने पैदल चल रही युवती के हाथ से मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहिनी रोड निवासी सुमित गर्ग ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी पैदल घर की तरफ आ रही थी। जब वह सर्कुलर रोड पर वैल्हम बॉयज स्कूल के पास पहुंची तभी एक युवक उसके पास आया और उसके हाथ से मोबाइल लूटकर भाग गया। उसकी बेटी ने शोर मचाया लेकिन तक वह फरार हो चुका था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बेस्ट वर्कआउट के लिए तीन आशा कार्यकत्रियों को दिया गया जिला पंचायत सदस्य पुरस्कार 2022

कार्यालय संवाददाता



मुनस्यारी। चीन सीमा से लगे विकास खंड मुनस्यारी में उल्लेखनीय कार्य करने वाली तीन आशा कार्यकत्रियों नाचनी की अनिता कांडपाल,मल्ला घोरपट्टा की तुलसी कोरंगा,मवानी दवानी की हेमा कोरंगा को बेस्ट आशा कार्यकत्री के रूप में जिला पंचायत सदस्य पुरस्कार 2022 दिया गया। आशा संवाद कार्यक्रम में ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के क्षेत्र में मुनस्यारी विकास खंड को आदर्श विकास खंड बनाने का संकल्प लिया गया।

विकास खंड सभागार में आयोजित आशा संवाद कार्यक्रम में आज इन सम्मानों को दिया गया। जिपंस जगत मर्तोलिया ने समाज के सभी क्षेत्रों में विशेष कार्य करने वाले लोगों के लिए जिला पंचायत सदस्य पुरस्कार देने की घोषणा की थी। सोमवार को तीन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को यह सम्मान दिया गया।

आशा संवाद कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित होकर जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने 6 दस्तावेजों को तैयार करने के लिए नाचनी की अनिता कांडपाल,संस्थागत प्रसव के के लिए मल्ला घोरपट्टा की तुलसी कोरंगा, पीएलए की 30 बैठके तथा महासभा करने के लिए मवानी दवानी की हेमा कोरंगा को बेस्ट वर्कआउट के लिए अपने हाथों से जिला पंचायत सदस्य पुरस्कार में शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन आशाओं को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में नवजात शिशु, गर्भवती महिलाओं के साथ किशोरी तथा महिला स्वास्थ्य पर सभी साथ मिलकर ऐसा नवाचार करें कि हमारा विकास खंड उत्तराखंड में एक स्कूल के रूप में पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य में उपचार से अधिक जागरूकता अधिक महत्वपूर्ण है। समुदाय को साथ लेकर हम स्वस्थ तथा संवेदनशील मुनस्यारी बना सकते है। आशा कार्यक्रम के जिला समन्वयक भास्कर जोशी ने बताया कि आशाओं को जच्चा एवं बच्चा की 1000 दिन तक रखवाली करनी है। उन्होंने कहा कि बच्चे की 28 तथा माता की 42 दिन आशा कार्यकत्री को सघन निगरानी करनी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की महिला चिकित्सक डां पूजा गोस्वामी ने बताया कि महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति हमें सचेत के साथ संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनिमिया की शिकार महिला एवं किशोरियों का डाटा बनाया जाना चाहिए। आशा संवाद कार्यक्रम में आज सम्मानित हुई आशा कार्यकत्रियों ने अपनी सफलता के अनुभव सुनाएं। उन्होंने कहा कि मनोयोग से कार्य करने के कारण वे इस स्थिति में है। इस कार्यक्रम का संचालन ब्लाक आशा कोडिनेटर गंभीर सिंह मेहता ने किया।

## शांति भंग में चार गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर शांतिभंग करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि मिट्ठी बेरी प्रेमनगर में गाने बजाने को लेकर दो पक्षों मे झगडे व आपसी तनातनी का माहौल होने पर त्वरित निरोधात्मक कार्यवाही करते हुये धारा 151 के तहत 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम दिलीप कुमार पुत्र लाल बाबू, हरिकृष्ण चौधरी पुत्र गुंजन चौधरी, नन्द लाल पुत्र दुखी चौधरी, बुलर शाह पुत्र रामबाबू सभी निवासी मिटठी बेरी बताया। गिरफ्तार व्यक्तियों को अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## तमंचा व चाकू सहित दो दबोचे

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। वारदात की फिराक में घूम रहे दो बदमाशों को पुलिस ने एक तमंचा मय 2 जिन्दा कारतूस व एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार आज थाना बहादराबाद पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस जब सहदेव पुलिया के पास पहुंची तो उसे वहां दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये जो पुलिस को देखते ही भाग खड़े हुए। इस पर पुलिस ने उन्हे घेराबदी कर दबोचा



गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस व एक चाकू बरामद किया। पूछताछ में उन्होने अपना नाम आरिफ पुत्र तालिब व अजमल पुत्र मुबारिक निवासी रामपुर चुंगी प्रधान वाली गली थाना सिविल लाइन रुड़की बताया। पुलिस ने उन्हे सम्बन्धित धाराओं में गिरफ्तार कर उन्हे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# 112 मे फर्जी सूचना देना युवक को पड़ा भारी, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा के दौरान 112 पर फर्जी सूचना देना युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कल एक व्यक्ति द्वारा यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर पालीगाड़ के आस-पास सड़क दुर्घटना के सम्बन्ध मे 112 पर झूठी सूचना दी गई थी, सूचना पर एसडीएम बडकोट, सीओ बडकोट, प्रभारी निरीक्षक बडकोट, तहसीलदार बडकोट, पुलिस, एसडीआरएफ, फायर व स्वास्थ्य विभाग बडकोट की टीमें तुरन्त घटनास्थल पर पहुंची, टीमों द्वारा आस-पास काफी तलाश की गई किन्तु कोई सड़क दुर्घटना होना



नहीं पाया गया।

कॉलर के नम्बर से सम्पर्क करने पर नम्बर स्वीच ऑफ जा रहा था, मामले का संज्ञान लेते हुये एसपी उत्तरकाशी, अर्पण यदुवंशी द्वारा सीओ बडकोट एवं प्रभारी निरीक्षक बडकोट को फर्जी सूचना देने वाले की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये, जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक बडकोट, गजेन्द्र दत्त बहुगुणा द्वारा झूठी सूचना देने वाले के विरुद्ध थाना बडकोट पर मुकदमा दर्ज कर जानकारी खंगालते हुये आरोपी युवक को को जानकीचट्टी पार्किंग से गिरफ्तार कर लिया।

फर्जी सूचना देने वाले युवक की पहचान प्रवीण कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी हाट सफीदो जिन्द, हरियाणा के रुप में हुई। युवक बस चलाने का कार्य करता है। मामले मे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय राजधानी के एक स्कूल को बम से उड़ाने की मिली धमकी!

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के पुष्प विहार स्थित अमृता सीनियर सेकेंडरी को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बम की सूचना के बाद स्कूल के चारों तरफ सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं धमकी के बाद स्कूल के परिसर में तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन बम नहीं मिला। मामले की जानकारी देते हुए बम दस्ता के



एसआई सुरेश यादव ने कहा कि धमकी के बाद स्कूल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हमें सुबह कंट्रेल रूम से इसकी खबर मिली थी, यहां सर्च किया गया, कहीं से बम नहीं मिला है। अभी तक यह भी साफ नहीं हो पाया है कि धमकी किसने दी है। पुलिस ने कहा कि अभी सर्च जारी है। बताया जा रहा है कि अमृता स्कूल को ईमेल के जरिए बम से उड़ान की धमकी दी गई है। सुबह के वक्त ईमेल के जरिए स्कूल को ये धमकी दी गई। इससे पहले अप्रैल में राजधानी में दिल्ली पब्लिक स्कूल में बम होने की धमकी के बाद हंगामा मच गया था।

### ईडी ने रजनीकांत और अक्षय कुमार की फिल्म बनाने वाली कंपनी पर की छापेमारी

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने मंगलवार को फिल्म निर्माता कंपनी लाइका के चेन्नई स्थित परिसरों पर छापेमारी की। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ईडी लाइका के चेन्नई स्थित ऑफिस पर छापेमारी क्यों कर रही है। जानकारी के मुताबिक, लाइका प्रोडक्शंस ने वर्ष 2018 में रजनीकांत और अक्षय कुमार को साथ लेकर फिल्म 2.0 समेत कई तमिल और तेलुगु फिल्में बनाई हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि लाइका प्रोडक्शंस की स्थापना 2014 में सुबास्करन अलीराजा ने की थी। लाइका प्रोडक्शंस, लाइकामोबाइल




का एक उपसमूह, जो प्रोडक्शन स्टूडियो निर्मित फिल्मों को बनाने और डिस्ट्रीब्यूशन का काम करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे पहले ईडी ने कहा था कि उसने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अमीरा प्योर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, करण ए चनाना और अन्य के संबंध में दिल्ली और गुरुग्राम में 21 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया था।

### अमिताभ व अनुष्का को बिना हेलमेट के बाइक की सवारी करना पड़ा भारी

मुंबई। अभिनेता अमिताभ बच्चन और अनुष्का शर्मा को बिना हेलमेट के बाइक की सवारी करना भारी पड़ा है। सोशल मीडिया यूजर्स दोनों के खिलाफ ट्रैफिक के नियमों को लेकर कमेंट्स कर रहें हैं। जिसके बाद मुंबई पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। अमिताभ ने सोमवार को ट्रैफिक जाम से बचने



के लिए एक प्रशंसक से लिफ्ट ली थी जिसमें वह बाइक पर पीछे बैठे नजर आ रहे हैं। अनुष्का शर्मा का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें अनुष्का अपने बॉडीगार्ड के साथ बाइक पर बैठीं दिखी जिसमें उन्होंने भी हेलमेट नहीं पहना है। इस पर सोशल मीडिया यूजर्स ने अमिताभ और अनुष्का पर ट्रैफिक के नियमों के उल्लंघन को लेकर कमेंट्स किए। यूजर्स को जवाब देते हुए मुंबई पुलिस ने ट्वीट किया कि हमने इसे ट्रैफिक ब्रांच के साथ शेयर किया है।

### पाकिस्तानः कोयला खदान में हुई झड़प में 16 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में एक कोयला खदान के परिसीमन को लेकर दो गुटों के बीच खूनी झड़प हुई। इसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई इस घटना की जानकारी पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि घटना पेशावर से करीब 35 किलोमीटर दूर कोहाट जिले के डेरा आदम खेक इलाके में हुई। डेरा आदम खेक इलाके में सनीखेल और जरघुन खेल जनजातियों के बीच खदान के परिसीमन को लेकर खूनी झड़प हुई। हमले में मारे गए और घायल



लोगों को अस्पताल भेज दिया गया, जहां घायलों का इलाज किया जाएगा और मारे गए लोगों का पोस्टमार्टम। हालांकि, पुलिस का कहना है कि घायलों की सही संख्या का तत्काल पता नहीं चल सका है, लेकिन दोनों ओर से हुई गोलीबारी में काफी लोग हताहत हुए हैं।

# मानव तस्करीः बंगाल की युवती हल्द्वानी से बरामद, तीन गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

नैनीताल। मानव तस्करी मामले का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक मकान में छापा मारकर बालिका को मुक्त करा लिया गया है। बरामद बालिका देह व्यापार के उद्देश्य से पश्चिमी बंगाल से लाई गयी थी। जिसकी बरामदगी के दौरान आरोपियों ने पुलिस बल पर हमला किया जिनमें से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसएसपी नैनीताल पंकज भट्ट ने बताया कि पश्चिम बंगाल 24 परगना बसंती थाने में बालिका का अपहरण का मुकदमा दर्ज था। बालिका का लोकेशन हल्द्वानी में आ रही थी, जिसके बाद पश्चिम बंगाल पुलिस की सूचना पर हल्द्वानी पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने भोटिया पड़ाव स्थित एक घर में छापा मारा तो बालिका बरामद की गई। पूछताछ में पता चला कि, जिस मकान में बालिका बरामद किया गया है। वह किराए पर तानिया शेख नाम की एक महिला ले रखी है। बताया कि पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान सात आठ लोगों ने पुलिस पर हमला बोल दिया जहां पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम को कमरे के अंदर बंद कर दिया गया था, जिसके बाद भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और सभी पुलिसकर्मियों को मुक्त कराया।

पूरे मामले में मकान मालिक आसिफ रजा और उसके दो बेटों को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पुलिस पर हमला करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। फिलहाल बालिका से पूछताछ की जा रही है। वहीं बालिका के बरामदगी की सूचना पश्चिम बंगाल पुलिस को दे दी गई है। बालिका से पूछताछ में मामला सामने आया है कि, तानिया शेख द्वारा देह व्यापार के उद्देश्य से रजक पाइक नाम के युवक द्वारा उसको पश्चिम बंगाल से लाया गया था। मामले में आगे की कार्रवाई पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा की जाएगी।

## शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई, दो कारें सीज

संवाददाता

देहरादून। शराब पीकर गाडियों में गाने बजाकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाही करते हुए 15 लोगों को गिरफ्तार कर दो कारें व तीन मोटरसाईकिलें सीज कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर द्वारा जनपद देहरादून में रात में अनावश्यक रूप से वाहनों से घूम कर हुड़दंग करने तथा नशे का सेवन कर लड़ाई झगड़े करने वालों के खिलाफ , जनपद के समस्त उच्च अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों को प्रभावी चेकिंग कर कार्रवाई करने हेतु आदेशित किया गया था।

प्राप्त निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष क्लेमेंट टाउन द्वारा 15-16 की रात्रि में गाड़ियों में ऊंची आवाज में डीजे बजा कर शोर-शराबा एवं हुड़दंग करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन मर्यादा के तहत कार्रवाई करते हुए 15 व्यक्तियों को पुलिस अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया तथा 01 स्कार्पियो कार को शराब पीकर वाहन चलाने में तथा 01 फॉर्च्यूनर तथा 03 बुलेट मोटरसाइकिल को मॉडिफाइड सैलेंसर में मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किया गया।

थाना क्लेमेंट टाउन पुलिस द्वारा हुड़दंग करने वाले रात में बिना वजह घूमने वालों शराब पीकर वाहन चलाने , मॉडिफाइड साइलेंसर काली फिल्म एवं हूटर लगे वाहनों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है हुड़दंग करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा

## हथियार तस्कर दबोचा, 2 तमंचे एक पिस्टल व 12 कारतूस बरामद

हमारे संवाददाता




रामपुर से लाता था हथियार, रामनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

नैनीताल। यूपी के रामपुर से हथियार तस्करी कर उसे उत्तराखण्ड में सप्लाई करने वाले एक शातिर को रामनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से दो तमंचे, एक पिस्टल व 12 कारतूस भी बरामद किये गये है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट द्वारा बताया गया कि बीते रोज रामनगर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक हथियार तस्कर अवैध हथियारों की तस्करी हेतु आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को नया पुल कोसी के समीप बाइक सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से दो तमंचे, एक पिस्टल व 12 कारतूस बरामद किये।

पूछताछ में उसने अपना नाम विनायक कुमार पुत्र स्व. अनिल कुमार निवासी फ्रेंड्स कालोनी चोरपानी थाना रामनगर बताया। बताया कि वह अवैध पिस्टल, तमंचे तथा कारतूस रामपुर से खरीदकर लाता है, और मुनाफा कमाने के उद्देश्य से रामनगर आकर अधिक दामों में बेच देता है। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

## रोजगार मेला लगा कर..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

भाव से अपने कर्तव्य का पालन करें। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि इससे पूर्व 2 लाख 88 हजार लोगों को सरकारी नौकरी मिल चुकी है। आज के अगर 71 हजार को भी इसमें जोड़ दिया जाए तो यह संख्या तीन लाख 59 हजार के करीब हो गई है उन्होंने कहा कि साल के अंत तक 10 लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार द्वारा युवाओं को नौकरियां दी जा रही है वहीं स्वरोजगार के अवसर भी दिए जा रहे हैं। सरकार विभिन्न माध्यमों से यह प्रयास कर रही है कि देश की युवा शक्ति को सही दिशा मिल सके और हर हाथ को काम मिल सके। इस अवसर पर नियुक्ति पत्र पाने वाले युवा भी खुश दिखे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून। मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*